## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 19.03.2021 को सम्पन्न दसवीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा | सदस्य |
| 3. | श्री राजीव कक्कड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ | सदस्य |
| 4. | श्री महेश शर्मा, सहायक अभियन्ता प्रतिनिधि उ0प्र0आ0 एवं वि0प0 निर्माण खण्ड–20, कानपुर | सदस्य |
| 5. | श्री सुधीर चौरसिया, अधिशाषी अभियन्ता, प्रतिनिधि उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 7. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 8. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 9. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |

**10.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.09.2020 को सम्पन्न हुई नवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.09.2020 को सम्पन्न नवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**10.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.09.2020 को सम्पन्न नवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही के विवरण से समिति को अवगत कराया गया।**

| मद सं0 | विषय | कार्यवाही का विवरण |
|---|---|---|
| 9.03.01 | विश्वविद्यालय पूर्वी प्रागंण में नये नलकूप के निर्माण के जलनिगम से प्राप्त आगणन पर विचार। | नलकूप निर्माण हेतु जलनिगम से प्राप्त आगणन रू0 76.52 लाख पर भवन समिति से अनुमोदनोपरांत भुगतान की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रस्तावित। समिति ने उक्त को तत्काल प्रारम्भ करने के लिये इसी वित्तीय वर्ष 2020–21 से पूर्व भुगतान करने हेतु निर्देशित किया। |
| 9.03.02 | मैसर्स एस0बी0 कंस्ट्रक्सन, कानपुर के माध्यम से कराये जा रहे अनुरक्षण संबंधित कार्यों के संबंध में। | भवन निर्माण समिति से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में निर्देशित कार्यों को पूर्ण कराया जा चुका है। समिति ने उक्त का संज्ञान लिया। |

01. मेसर्स एस0 बी0 कंस्ट्रक्सन, कानपुर के माध्यम से कराये जा रहे अनुरक्षण सम्बन्धित कार्यों के समय विस्तार एवं आगणन में प्रयुक्त दरों के परीक्षणों उपरान्त अनुमोदन के सम्बन्ध में:

विश्वविद्यालय में ई–निविदा के माध्यम कराये जा रहे अनुरक्षण सम्बन्धी कार्यो की किये गये अनुबंध की क्लाज सं0 1/F में दी गयी व्यवस्था के आधार पर संबंधित को पूर्व में स्वीकृत दरों एवं निविदा में प्राप्त न्यून्तम दरो के आधार पर एक वर्ष के लिए समय विस्तारित किया जाने पर पर समिति द्वारा विचारोपरान्त प्रस्तुत आगणन में शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए। अनुरक्षण सम्बन्धी समस्त कार्यो का समावेश करते हुए जेम पोर्टल पर कस्टमड बिड फार सिर्विसेज अथवा ई–निविदा द्वारा कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

02. विश्वविद्यालय में शताब्दी द्वार के निर्माण के आगणन पर विचार।

विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में दिये गये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रागंण में एक शताब्दी द्वार का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है अतः उक्त निर्माण हेतु निर्माण इकाई उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से प्राप्त आगणन को समिति द्वारा अवलोकनोपरान्त उचित नहीं पाया गया तथा शताब्दी वर्ष की महत्ता एवं विश्वविद्यालय की गरिमा के अनुकुल शताब्दी द्वार का आगणन विभिन्न इकाईयों से प्राप्त कर उक्त की आन्तरिक समिति से परीक्षणोपरान्त आगामी भवन समिति में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

03. विश्वविद्यालय में शताब्दी स्तम्भ के निर्माण के आगणन पर विचार।

विश्वविद्यालय की कार्य परिषद में दिये गये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रागंण में एक शताब्दी स्तभ का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है अतः उक्त निर्माण हेतु निर्माण इकाई उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से प्राप्त आगणन को समिति द्वारा अवलोकनोपरान्त उचित नहीं पाया गया तथा शताब्दी वर्ष की महत्ता एवं विश्वविद्यालय की गरिमा के अनुकुल शताब्दी स्तम्भ का आगणन विभिन्न इकाईयों से प्राप्त कर उक्त की आन्तरिक समिति से परीक्षणोपरान्त आगामी भवन समिति में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

04. विश्वविद्यालय केन्द्रीय कार्यशाला के अनुरक्षण कार्य।

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यशाला के अनुरक्षण के कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम से प्राप्त आगणन रू0 28.89 लाख पर विश्वविद्यालय की चतुर्थ भवन समिति से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में कार्य कराया जा चुका है। समिति ने उक्त का संज्ञान लेते हुये निर्माण इकाई से अंतिम व्यय विवरण प्राप्त करके इसी वित्तीय वर्ष (2020–21 में) भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया।

05. विश्वविद्यालय की समिति कक्ष से सम्बद्ध शौचालय एवं जलपान स्थल पर अनुरक्षण का कार्य।

विश्वविद्यालय के समिति कक्ष से सम्बद्ध शौचालय एवं जलपान स्थल पर अनुरक्षण के कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम से प्राप्त आगणन रु011.80लाख पर विश्वविद्यालय की चतुर्थ भवन समिति से प्राप्त अनुमोदन के क्रम में कार्य कराया जा चुका है। समिति ने उक्त का संज्ञान लेते हुये निर्माण इकाई से अंतिम व्यय विवरण प्राप्त करते हुये इसी वित्तीय वर्ष 2020–21 में भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया।

06. विश्वविद्यालय में निर्माणधीन केमिकल इंजी0 भवन के शेष धनराशि विश्वविद्यालय की बचतो के सापेक्ष किये जाने पर विचार।

राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देशें के क्रम में विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन केमिकल इंजी0 भवन का शेष भुगतान विश्वविद्यालय की बचतो से किया जाना प्रस्तावित है। उक्त के क्रम में निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत किया गया व्यय विवरण एवं निर्गत धनराशि पर अर्जित ब्याज आदि का विवरण का अवलोकन करते हुये समिति ने इसी वित्तीय वर्ष 2020–21 में तक भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया।

07. विश्वविद्यालय संग्रहालय एवं मानव विकास केन्द्र की स्थापना।

समित के विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष का संज्ञान लेते हुए यह निर्देशित किया कि अनुरक्षण हेतु तैयार किये जाने वाले आगणन में उक्त दोनों कार्यों का आगणन भी शामिल किया जायें।

08. मा0 कुलपति महोदय कि अनुमति से अन्य मद पर विचार :

मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय मे निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति का संज्ञान लेते हुए निम्नानुसार निर्देश प्रदान किये गयेः

निर्माण इकाईः– उ0प्र0 राजकीय निर्माण लि0, इकाई– 04, कल्याणपुर, कानपुर।

1. रूसा परियोजनान्तर्गतः–

| क्रमांक एंव शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. लेक्चर हाल काम्पलेक्स का निर्माण | निर्माण इकाई को निर्देशित कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं किये जाने पर समिति द्वारा धोर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुंए प्रकरण से निर्माण इकाई के उच्च अधिकारियों को सूचित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।<br>समिति ने उक्त से अवगत होते हुए पुरानी लाईब्रवरी के रिनोवेशन कार्य को प्रत्येक दशा में इसी वित्तीय वर्ष 2020–21 तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 02. आडिटोरियम का निर्माण | |
| 03. इन्क्यूबेशनहब का निर्माण | |
| 04. पुरानी लाइब्रेरी का रिनोवेशन | |
| 05. हास्टल रिनोवेशन | |
| 06. हास्टल रिनोवेशन | |
| 07. नये पुस्तकालय में वातानुकुलन | |

विश्वविद्यालय के अनुरक्षण कार्यः–

| क्रमांक एंव शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. सिविल इंजी0 विभाग के रिनोवेशन का कार्य | समिति ने उक्त का संज्ञान लेते हुए निर्माण इकाई को संतोषजनक किये गये कार्यो का 5% भुगतान रोकते हुए शेष भुगतान इसी वित्तीय वर्ष 2020–21 तक किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये। तथा क्रमांक 5 के कार्य हेतु निर्माण इकाई से शेष धनराशि प्राप्त कर जेम/ई–निविदा उपरान्त कार्य कराये जाने हेतु निर्देश प्रदान किया गया। |
| 02. इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग का रिनोवेशन कार्य | |
| 03. कम्प्यूटर इंजी0 विभाग का रिनोवेशन कार्य | |
| 04. मैकेनिकल इंजी0 विभाग का रिनोवेशन कार्य | |
| 05. आर्किटेक्ट के माध्यम से सेवायें प्राप्त करने हेतु | |
| 06. फायर फाइटिंग उपकरण लगाये जाने हेतु | |
| 07. सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु | |

2. निर्माण इकाई का नामः उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कानपुर

| क्रमांक एवं शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 भवन के निर्माण का कार्य | समिति द्वारा क्रमांक 3 का कार्य मल्टीपरपज हाल का निर्माण कार्य मार्च 21 तक न पूर्ण किये जाने पर घोर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य प्रत्येक दशा में अप्रैल 21 तक पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>बाउण्ड्रीवाल के कार्य में निर्माण इकाई आवास विकास द्वारा शासनादेश के अनुरूप पुरानी ईंटों से बाउण्ड्रीवाल का अप्रेन न बनाये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की एवं पुरानी ईंटों से अप्रेन बनाने के कार्य हेतु निर्माण इकाई को निर्देशित किया गया। |
| 02. केमिकल इंजी0 भवन के निर्माण का कार्य | |
| 03. मल्टीपरपज हाल के निर्माण का कार्य | |
| 04. विश्वविद्यालय में जगह--जगह टूटी बाउण्ड्रीवाल के निर्माण का कार्य | |
| 05. कुलपति आवास का निर्माण कार्य | |

3. निर्माण इकाई का नामः उ0प्र0 स्टेट कांस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपमेन्ट कारपोरेशन लि0 (यूपीसिडको)

| क्रमांक एवं शीर्षक | निर्णय |
|---|---|
| 01. पुराने पुस्तकालय भवन को टी0एन0पी में परिवर्तित किये जाने हेतु प्रस्ताव | कार्य की प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी कार्य मार्च 2021 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। |
| 02. मेकेनिकल इंजी0 विभाग के द्वितीय तल पर कक्षा--कक्षों का निर्माण | |
| 03. 200 सीटेड छात्रा--छात्रावास में मेस ब्लाक एवं कॉमन रूम का निर्माण कार्य | |

* समिति द्वारा सभी निर्माण इकाईयों को विश्वविद्यालय में कराये जा रहे निर्माण कार्यो का थर्ड पार्टी इन्स्पेकशन रिपोर्ट अतिशीघ्र प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(प्रो0 प्रदीप कुमार)
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन निर्माण समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर